जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका

पारा विधिक स्वंय सेवकों (PLV) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

(यह स्वैच्छिक सेवा का कार्य है)

कौन आवेदन दे सकता है :-

ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रुचि रखते है तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं इनमें शिक्षक (सेवा निवृत शिक्षक सहित) सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ट नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जिविका, आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (अधिवक्ता को छोड़ कर) जो स्वयं सेवा में रुची रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार ठीक समझे। पूर्व में चयनित पारा विधिक स्वंय सेवक पुन: आवेदन दे सकते हैं।

पारा विधिक स्वंय सेवक के कार्य:-

पारा विधिक स्वंय सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता कई लिए पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केंद्र में विधिक सेवा कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें सौंपे।

पदों की संख्या:-

100 I चूंकि पारा विधिक स्वयं सेवकों से गाँवों या गाँवों के समूह में कार्य लेना है। अत: जिले के सभी क्षेत्रों (पंचायत वार) से पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा।

आरक्षण:- क्योंकि पारा विधिक स्वयं सेवक स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है। अत: पदों का आरक्षण नहीं है। परंतू स्कीम के अनुरूप सभी वर्गों को तथा महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।

शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक:-

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भर कर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगा कर अधोहस्ताक्षरी के पास पंजीकृत डाक से भेजें। आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत डाक टिकट लगा अपना स्व पता लिखा लिफाफा भेजें। आवेदक चाहे तो अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार (DLSA) के कार्यालय में हाथों-हाथ कार्यालय अवधी तक में जमा कर सकता है।

मानदेय:-

रु० 500 (पांच सौ) प्रतिदिन। परंतु यह मानदेय उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें विशेष कार्य हेतु सौपती है या स्वयं सेवक गांव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार या ए०डी०आर० (ADR) केंद्र में ले आता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।

सामान्य अनुदेश:-

(1) आवेदक भारत का नागरिक हो

(2) स्वस्थ हो

(3) अच्छा चरित्र हो

(4) समाज सेवा में रुची रखता हो

आवेदन हेतु पत्राचार का पता:-

सेवा में,
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका

विशेष अनुदेश:-

(1) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.03.2020 के कार्यालय अवधी तक।

(2) विज्ञापन का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, बांका के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/banka पर देखा जा सकता है।

(3) एक आवेदक एक ही स्थान के लिए आवेदन जमा करें। एक से अधिक स्थान के लिए आवेदन करने पर उनका आवेदन रद्द कर दिया जा सकता है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका

18-3-2020
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका

प्रपत्र 'क'

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

पासपोर्ट साइज़ का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित

1. आवेदक का नाम :-
2. पिता /पति का नाम :-
3. स्थायी पता :-
4. वर्तामान पता (दूरभाष संख्या सहित) :-
5. शैक्षणिक योग्यता:-
6. अन्य योग्यता :-
7. जन्म तिथि :-
8. आवेदक की श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग /अति पिछड़ा)

तिथि:-

स्थान:- आवेदक का हस्ताक्षर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका

प्रपत्र 'ख'

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

क्रमांक.........................

(कार्यालय उपयोग के लिए)

पासपोर्ट साइज़ का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित

(आवेदक द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम :-
2. पिता/पति का नाम :-
3. जन्म तिथि :-
4. स्थाई पता :-
5. पत्राचार का पता (दूरभाष संख्या सहित) :-
6. शैक्षणिक योग्यता:-
7. अन्य योग्यता :-
8. आवेदक की श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा)

जिला राज्य पिनकोड-

स्थान तिथि आवेदक का हस्ताक्षर

केवल कार्यालय उपयोग के लिए

साक्षात्कार की तिथि समय स्थान

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार